निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

Phone : 05946-297051 Fax- 05946-297050 E-mail- directorsocialwelfare@gmail.com Website- www.socialwelfare.uk.gov.in

विज्ञप्ति

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं हेतु निःशुल्क कोचिंग योजना

शासनादेश संख्या 790/XVII-1/2009-04(03)/2009 दिनांक 18 अगस्त, 2009 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार वर्ष 2021–22 हेतु अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को विभिन्न राजकीय/अन्य सेवाओं यथा **IAS/PCS, Group-C/SSC/UKSSC/Bank, NEET/JEE., Defence एवं B.Sc. Nursing/ANM/GNM** की परीक्षा पूर्व निःशुल्क कोचिंग के लिए इस कार्यालय द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं/शिक्षण संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी थी, जिसके क्रम में शासन स्तर पर संस्थाओं के चयन हेतु गठित समिति द्वारा कुल 08 संस्थाओं को निःशुल्क कोचिंग हेतु चयनित किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत है–

IAS/PCS हेतु– **1.** राओस, आई.ए.एस. एकेडमी, 177 बंसल मार्केट, नियर–सांई बाबा मंदिर, करनपुर, देहरादून **2.**द एकलव्य सिविल सर्विसेज एकेडमी, 43/34 करनपुर रोड नजदीक डीएवी कालेज चौक, देहरादून **3.** चाणक्य स्टडी प्वाइंट समिति, ऋषिकेश रोड, डोईवाला, देहरादून **4.** शिखर एकेडमी, 8/22 करनपुर, निकट माहेश्वरी स्वीट शॉप, देहरादून **5.** निकुम्भ, आई.ए.एस., मुखानी वी0मार्ट के नजदीक, कालाढूँगी रोड, हल्द्वानी–नैनीताल **6.** जीत आई.ए.एस. एकेडमी, दुर्गा सिटी सेन्टर, सनवाल प्लाजा, हल्द्वानी–नैनीताल।

Group-C/SSC/UKSSC/Bank हेतु–1. राओस, आई.ए.एस. एकेडमी, 177 बंसल मार्केट, नियर–सांई बाबा मंदिर, करनपुर, देहरादून **2.**द एकलव्य सिविल सर्विसेज एकेडमी, 43/34 करनपुर रोड नजदीक डीएवी कालेज चौक, देहरादून **3.** चाणक्य स्टडी प्वाइंट समिति, ऋषिकेश रोड, डोईवाला, देहरादून **4.** शिखर एकेडमी, 8/22 करनपुर, निकट माहेश्वरी स्वीट शॉप, देहरादून **5.** निकुम्भ, आई.ए.एस., मुखानी वी0मार्ट के नजदीक, कालाढूँगी रोड, हल्द्वानी–नैनीताल **6.** जीत आई.ए.एस. एकेडमी, दुर्गा सिटी सेन्टर, सनवाल प्लाजा, हल्द्वानी–नैनीताल।

NEET/JEE हेतु–1. के0डी0 कैम्पस, 92 करनपुर, प्रथम तल बंसल टावर, निकट सर्वे चौक, देहरादून **2.** मोशन एजुकेशन प्राईवेट लि0, 394 राजीव गॉधी नगर, कोटा (प्रस्तावित केन्द्र–इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प कटारिया चौराहा, हल्द्वानी)।

Defence हेतु– 1. शिखर एकेडमी, 8/22 करनपुर, निकट माहेश्वरी स्वीट शॉप, देहरादून **2.** निकुम्भ, आई.ए.एस., मुखानी वी0मार्ट के नजदीक, कालाढूँगी रोड, हल्द्वानी–नैनीताल।

B.Sc. Nursing/ANM/GNM हेतु– 1. चाणक्य स्टडी प्वाइंट समिति, ऋषिकेश रोड, डोईवाला, देहरादून।

निःशुल्क कोचिंग की समयावधि **NEET/JEE** पाठ्यक्रम हेतु 12 माह एवं अन्य समस्त पाठ्यक्रमों हेतु 06 माह निर्धारित की गयी है। उक्त कोचिंग हेतु पात्र एवं इच्छुक छात्र/छात्रा उपरोक्त पॉच पाठ्यक्रमों में किसी एक पाठ्यक्रम की कोचिंग के लिए अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर **निदेशालय, समाज कल्याण मानपुर पूरब, रामपुर रोड हल्द्वानी–नैनीताल, पिन कोड–263139 को दिनांक 11 जनवरी, 2022 तक केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे।** निःशुल्क कोचिंग की पात्रता हेतु छात्र/छात्रा उत्तराखण्ड का मूल निवासी हो, परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 2.00 लाख से अधिक न हो, छात्र/छात्रा द्वारा पूर्व में संचालित इस प्रकार की निःशुल्क कोचिंग योजना का लाभ न लिया गया हो। छात्र/छात्रा परीक्षा हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता और प्राप्तांक संबंधी शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।

नोट– छात्र द्वारा इस योजना में केवल आवेदन करने से ही उनका कोचिंग प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा वरन् उन्हें प्राप्तांक, मेरिट अथवा स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से चयन होने पर ही प्रवेश मिलेगा, साथ ही छात्र जिस संस्था में कोचिंग हेतु आवेदन करता है उसी संस्था में कोचिंग प्राप्त होगी, यह आवश्यक नहीं है। प्रत्येक छात्र द्वारा आवेदन करते समय इच्छुक संस्था के चयन हेतु संस्थाओं के वरीयता क्रम को अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा, चयन हेतु अन्तिम निर्धारण का अधिकार चयन हेतु गठित समिति अथवा विभाग का होगा। छात्राओं एवं दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु क्षैतिज आरक्षण शासनादेशानुसार लागू होगा। जिस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन किया जायेगा उस पाठ्यक्रम का नाम लिफाफे के ऊपर अंकित किया जाना होगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी तथा निःशुल्क आवेदन पत्र समाज कल्याण विभाग की वेबसाईट (www.socialwelfare.uk.gov.in) से प्राप्त कर सकते हैं।

(बी0 एल0 फिरमाल)
निदेशक,
समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड।

निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

Phone : 05946-297051 Fax- 05946-297050 E-mail- directorsocialwelfare@gmail.com Website- www.socialwelfare.uk.gov.in